# डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

# विश्व पृथ्वी एवं विश्व जल दिवस समारोह - 2026

## 'प्रकृति हमारी धरोहर है और उसका संरक्षण हमारा प्रथम कर्त्तव्य है।

पर्यावरण संरक्षण एवं जल संवर्धन के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी के वाटिका परिसर में विश्व पृथ्वी दिवस एवं विश्व जल दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह अवसर उत्साह, रचनात्मकता तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता का अद्भुत संगम रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या माननीया सुजाता. एम तथा मुख्य अतिथि डॉ. वी. बाला नागा ज्योति, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं संयुक्त परियोजना निदेशक, राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान, भारत (एन.आई. ओ.टी.) की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से सभी का हृदय जीत लिया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने 'गार्डियन्स ऑफ द अर्थ परेड' के माध्यम से पृथ्वी, जल, वृक्ष एवं अन्य प्राकृतिक तत्त्वों का आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रदर्शन प्रस्तुत किया। कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों ने 'लिटिल फीट, बिग ड्रीम्स फॉर अर्थ' तथा 'ग्रीन स्टेप्स, ब्राइट फ्यूचर' शीर्षक पर रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कक्षा चौथी, पाँचवीं एवं छठवीं के विद्यार्थियों ने 'मेलोडीज़ फॉर मदर अर्थ' तथा 'ड्रॉप्स ऑफ हार्मनी' शीर्षक से मधुर समूहगान प्रस्तुत कर वातावरण को संगीतमय एवं प्रेरणादायी बना दिया।

विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने हेतु विविध कक्षागत गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने जल के विभिन्न स्रोतों का सुंदर चित्रांकन एवं रंगांकन किया, जबकि कक्षा चौथी के विद्यार्थियों ने 'जल बचाओ' विषय पर प्रभावशाली पोस्टर बनाकर जल संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। मुख्य अतिथि डॉ. वी. बाला नागा ज्योति ने अपने प्रेरक उद्बोधन में समुद्री विज्ञान, पनडुब्बियों की कार्यप्रणाली तथा एन.आई.ओ.टी. द्वारा समुद्री अनुसंधान के क्षेत्र में किए जा रहे महत्त्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। विद्यार्थियों के जिज्ञासापूर्ण प्रश्नों के उत्तर

देकर उन्होंने उनमें वैज्ञानिक सोच एवं खोज की भावना को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों, पर्यावरण के प्रति उनकी संवेदनशीलता तथा रचनात्मक अभिव्यक्ति की भूरि-भूरि प्रशंसा की और सभी को पृथ्वी तथा जल संसाधनों के संरक्षण हेतु सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मन में प्रकृति के प्रति प्रेम, ज़िम्मेदारी और सतत विकास की भावना का सशक्त संदेश छोड़ गया। विद्यालय परिवार का यह सामूहिक प्रयास सभी को यह प्रेरणा देता है कि यदि हम आज पृथ्वी और जल की रक्षा करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियाँ सुरक्षित और समृद्ध भविष्य का आनंद ले सकेंगी।

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

## विश्व पृथ्वी एवं विश्व जल दिवस समारोह – 2026




जल की हर बूँद अमूल्य है, प्रत्येक वृक्ष अनमोल है।